**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 / 01 से 07 चरण तक पुलिस कर्मियों के प्रस्थान हेतु बस आवंटन समयबद्ध**
**रिपोर्ट तत्काल / ई-मेल / फैक्स नोटिस बोर्ड / विभागीय वेबसाइट / व्हाट्सप**

पत्र संख्या:अपर आयु0(पुलिस)//पु0बल/लोकसभा सामान्य निर्वाचन ड्यूटी-2024//2024-25// 16 // राज्य कर
कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(पुलिस-कैम्प)
दिनांक:: लखनऊ 10 अप्रैल,2024

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में राज्य कर से भेजे जाने**
**वाले पुलिस बल के संचरण सम्बन्धी आदेश**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सभी सात चरणों में उ0प्र0 राज्य कर से 01 लाइजनिंग उपनिरीक्षक, 07 उपनिरीक्षक, 262 मुख्य आरक्षी/आरक्षी कुल योग- 269+1 लाइजनिंग उपनिरीक्षक पुलिस कर्मियों की नि:शस्त्र ड्यूटी लगाई गयी है। यह पुलिस बल निम्न जनपदों में होने वाले चुनावों को सम्पन्न कराने हेतु दिनांक- 16-04-2024 को प्रात: 09:30 बजे रिजर्व पुलिस लाईन लखनऊ जनपद से प्रस्थान करेगें। चरणवार जनपदों का विवरण निम्न प्रकार है :-

| निर्वाचन का चरण | निर्वाचन दिनांक | जनपद में रिपोटिंग तिथि | जनपद का नाम | आवंटित पुलिस बल का पदवार विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उपनिरीक्षक | मुख्य आरक्षी/ आरक्षी |
| प्रथम चरण | 19-04-2024 | 17-04-2024 | बिजनौर | 07 | 262 |
| द्वितीय चरण | 26-04-2024 | 20-4-2024 | गाजियाबाद | 07 | 262 |
| तृतीय चरण | 07-05-2024 | 27-04-2024 | आगरा | 07 | 262 |
| चतुर्थ चरण | 13-05-2024 | 09-05-2024 | कानपुर देहात / खीरी | 07 | 35/ 227 |
| पंचम चरण | 20-05-2024 | 15-05-2024 | बॉदा | 07 | 262 |
| षष्ठम चरण | 25-05-2024 | 22-05-2024 | बस्ती/ प्रतापगढ़ | 07 | 130/ 132 |
| सप्तम चरण | 01-06-2024 | 27-05-2024 | बलिया | 07 | 262 |

2- समस्त पुलिस बल के संचरण के लिए 06 बसो की व्यवस्था के सम्बन्ध में पुलिस महानिरीक्षक(कानून एवं व्यवस्था) उ0प्र0 द्वारा प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम से अनुरोध किया गया है। **उप निरीक्षक-श्री राकेश कुमार सागर पी.एन. ओ0-982510926 मोबाईल नं0-8859106106 मुरादाबाद जोन सम्पूर्ण पुलिस बल के प्रभारी होगें एवं समस्त चरणों में साथ रहकर लाईजनिंग का कार्य भी करेगें।** इस सम्बन्ध में पुलिस **उप निरीक्षक- श्री राकेश कुमार सागर पी.एन.ओ0-982510926 मोबाईल नं0-8859106106** मुरादाबाद जोन, पुलिस बल की विधिवत ब्रीफिंग कर उन्हें समय से सम्बन्धित जनपदो के लिए प्रस्थान करायेगें। उक्त उपनिरीक्षक सम्बन्धित बसों के प्रभारी / उप प्रभारियों को यह भलीभाँति ब्रीफ कर देंगे कि वह पुलिस बल के संचरण के दौरान विभिन्न स्तरों, प्रस्थान, मार्ग में विश्राम स्थल तथा गन्तव्य के पुलिस लाइन में सभी कर्मियों को बस के साथ खड़ा कर उनकी फोटो लेकर व्हॉट्सएप से उनके मोबाइल नम्बर पर फोटो भेजना सुनिश्चित करेंगे।

3- पुलिस **उप निरीक्षक- श्री राकेश कुमार सागर पी.एन.ओ0-982510926 मोबाईल नं0-8859106106** मुरादाबाद जोन रिजर्व पुलिस लाइन जनपद लखनऊ से इन बसों को प्राप्त कर समस्त पुलिस बल का प्रात: 09:30 बजे आमद कराने के पश्चात प्रत्येक बस हेतु चिन्हित पुलिस कर्मियों को उन बसों में बैठाकर बस के प्रभारी / उप प्रभारियों को मय लिस्ट सुपुर्द कराते हुए विधिवत प्रस्थानादेश देकर गन्तव्य स्थान के लिए रवाना कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रभारी / उप प्रभारी बस का यह दायित्व होगा कि वह निर्धारित तिथि पर उप निरीक्षक- **श्री राकेश कुमार सागर पी.एन.ओ0-982510926 मोबाईल नं0-8859106106** मुरादाबाद जोन के माध्यम से गन्तव्य जनपद की पुलिस लाइन में समस्त पुलिस बल की आमद करायेगें तथा मतदान सम्पन्न

होने के पश्चात पुलिस बल को एकत्र कर उसी बस से अगले चरण के मतदान के लिए ऐसे समय में रवाना होगे कि वह ऊपर चिन्हित तिथि तक सम्बन्धित जनपद में कम से कम मतदान के तीन दिन पूर्व पहुँचकर सम्बन्धित जनपद की पुलिस लाइन में उनकी आमद करायेगे तथा मतदान सम्पन्न होने के उपरान्त पुनः उपरो तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जनपद बिजनौर प्रथम चरण का मतदान सम्पन्न कराने के पश्चात आगे के समस्त चरणों हेतु पुलिस बल सम्बन्धित जनपदों के लिए रवाना होंगे। चतुर्थ चरण हेतु श्री शाहमत खाँ आगरा जोन जनपद कानपुर देहात तथा श्री दिनेश कुमार वाराणसी जोन खीरी जनपद के प्रभारी प्रभारी होंगे एवं छठे चरण के लिए श्री शाहमत खाँ आगरा जोन जनपद प्रतापगढ़ तथा श्री दिनेश कुमार वाराणसी जोन जनपद बस्ती के प्रभारी होंगे। उक्त के अतिरिक्त प्रथम चरण से सप्तम चरण तक पूर्व निर्धारित प्रभारी/ उपप्रभारी ही अपनी - अपनी बसों के रहेंगे प्रभारी / उप प्रभारी रहेगें। प्रभारी बस संचरण अवधि में और अवस्थान में उस बस के समस्त कर्मियों के कल्याण व अनुशासन के प्रभारी होंगे।

4- इसी प्रकार जनपद बिजनौर से प्रथम चरण का चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात पुलिस बल अगले द्वितीय चरण के मतदान हेतु जनपद गाजियाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। द्वितीय चरण का चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात पुलिस बल तृतीय चरण जनपद आगरा के लिए प्रस्थान करेगें। तृतीय चरण का चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात पुलिस बल अगले चतुर्थ चरण के मतदान हेतु जनपद कानपुर देहात / खीरी के लिए प्रस्थान करेगें। चतुर्थ चरण का चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात पुलिस बल अगले पंचम चरण के मतदान हेतु जनपद बाँदा के लिए प्रस्थान करेगें। पंचम चरण का चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात पुलिस बल अगले षष्टम चरण के मतदान हेतु जनपद बस्ती/ प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेगें। षष्टम चरण का चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात पुलिस बल अगले सप्तम चरण के मतदान हेतु जनपद बलिया के लिए प्रस्थान करेगें।

5- कर्तव्य पर लगाये गये यह समस्त कर्मी समय से इन चरणों में मतदान के लिए आगमन हेतु निश्चित तिथियों पर पहुँच जायेंगे और सम्बन्धित चरण का मतदान सम्पन्न कराने के पश्चात वापस अपने जोन / मुख्यालय आ जायेंगे।

6- सम्बन्धित बस प्रभारी राज्य कर 06 बसों में प्राथमिक चिकित्सा एवं मौसम के अनुसार बुखार, दस्त व उल्टी से सम्बन्धित दवाईयां रिजर्व पुलिस लाइन अस्पताल जनपद लखनऊ से प्राप्त करेंगे ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

7- समस्त पुलिस बल उ0प्र0 शासन द्वारा जारी कोविड-19 के गाईडलाइन का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेगें।

8- दिनांक 01-06-2024 को जनपद बलिया में सप्तम चरण का मतदान सम्पन्न कराने के पश्चात समस्त पुलिस बल ऐसे समय से रवाना हो कि वह रिजर्व पुलिस लाईन जनपद लखनऊ में अपनी आमद प्रत्येक दशा में दिनांक 03-06-2024 को करा दें। रिजर्व पुलिस लाईन जनपद लखनऊ से समस्त पुलिस बल की आमद होने के पश्चात वह अपने-अपने जोनों हेतु रवाना होंगे और वहाँ अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करेगें।

9- यह समस्त पुलिस बल साफ सुथरी वर्दी पहनेगा तथा प्रत्येक कर्मी की दाढ़ी नियमानुसार बनी रहनी चाहिए एवं पैटर्न का ही जूता धारण किया जाना चाहिए। मौसम के अनुसार हल्का बिस्तर भी प्रत्येक पुलिस कर्मी के पास होना आवश्यक है।

10- समस्त बल अपने साथ अपना परिचय पत्र अवश्य धारण करेगा।

11- समस्त पुलिस बल उच्च अनुशासन और श्रेष्ठ मनोबल के साथ अपने कर्तव्यों का इस प्रकार निर्वहन करेंगे ताकि आगामी निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न हो सके।

( प्रकाश स्वरूप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त**

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी-प्रथम राज्य मुख्यालय को कमिश्नर महोदया के अवलोकनार्थ।

2- पुलिस महानिरीक्षक कानून एव व्यवस्था मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ को उनके पत्र संख्या-डीजी-आठ-80(45)2024 दिनांक 03-04-2024 के सन्दर्भ में।

3- समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर उत्तर प्रदेश।

4- पुलिस आयुक्त/ वरिष्ठ / पुलिस अधीक्षक जनपद- बिजनौर/ गाजियाबाद/ आगरा/ कानपुर देहात/खीरी/ बाँदा/ बस्ती / प्रतापगढ़/ बलिया।

5- समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-2(वि0 अनु0शा0), राज्य कर उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया अपने- अपने जोन से चुनाव डयूटी हेतु नामित संबंधित पुलिस कर्मियों को समय से रिजर्व पुलिस लाईन जनपद लखनऊ में निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

6- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

7- नोडल अधिकारी (चुनाव) कार्यालय पुलिस आयुक्त लखनऊ नगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वह दिनांक 16-04-2024 को प्रातः 8:00 बजे तक अच्छी कण्डीशन की 06 बसों को सातों चरण के चुनाव सम्पन्न कराने के निर्देश के साथ राज्य कर विभाग के पुलिस बल प्रभारी **उप निरीक्षक- श्री राकेश कुमार सागर पी.एन.ओ0-982510926 मोबाईल नं0-8859106106** मुरादाबाद जोन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8- पुलिस उप निरीक्षक- **श्री राकेश कुमार सागर पी.एन.ओ0-982510926 मोबाईल नं0-8859106106** मुरादाबाद जोन को राज्य कर विभाग से एक से सातों चरणो के मतदान हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुये निर्देशित किया जाता है कि वह दिनांक 16-04-2024 को रिजर्व पुलिस लाईन जनपद लखनऊ से अपनी देख-रेख में 06 बसों को रवाना कराने के साथ ही स्वयं भी बसों के साथ रवाना होगें तथा समय से सभी जनपदों में पहुॅचकर पुलिस बल को सम्बन्धित जनपद के पुलिस लाईन में आमद करायेगे तथा चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात आगे के चरणों में यही प्रक्रिया अपनाते हुए कृत कार्यवाही से सर्वसम्बन्धित सहित अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त के अतिरिक्त वह अपने टीम के सदस्यों से दिनांक 16-04-2024 को जाने वाली बसों के विण्ड स्क्रीन पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 राज्य कर विभाग बस नं0-01 से 06 तक अलग-अलग कम्प्यूटराइज्ड प्रिन्ट आउट सम्बन्धित 06 बसों में लगवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्रत्येक कर्मियों की सूची भी उसी के नीचे चस्पा करायेंगे।

**9.**प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाईन जनपद लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि राज्य कर विभाग की 06 बसों के कुल 269 पुलिस कर्मियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा एवं मौसम के अनुसार बुखार, दस्त व उल्टी से सम्बन्धित दवाईयां रिजर्व पुलिस लाइन अस्पताल जनपद लखनऊ से प्राप्त कर बसों के प्रभारी / उपप्रभारियों को रवानगी के समय प्राप्त कराने का कष्ट करें।

10/4/24

अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।